# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 08.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 08.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह तथा उनकी टीम द्वारा

परिक्रमा मार्ग से परिक्रमा करते हुए गुमशुदा व्यक्ति की हत्या करने वाले 02 आरोपी अभियुक्तों को हत्या में प्रयुक्त मो0सा0 अपाचे रंग काला/लाल व 2,64,610 रूपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-**

1. बुद्धविलास उर्फ राजा पुत्र चुनबाद निवासी फौजदार का पुरवा अतर्रा थाना अतर्रा जनपद बांदा
2. राहुल तिवारी पुत्र संतोष तिवारी निवासी नरैनी रोड सिविल लाइन अतर्रा थाना अतर्रा जनपद बांदा

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-**

रेलवे अण्डर पास शिवरामपुर, 08.08.2025, 04.10 बजे सुबह

**बरामदगी-**

2,64,610 (दो लाख चौसठ हजार दस) रूपये

मो0सा0 UP 90 Z 9176 अपाचे रंग काला/लाल

**संक्षिप्त विवरणः-**

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 25.07.2025 को कोतवाली कर्वी में वादी दिलीप कुमार यादव पुत्र राजा भइया निवासी जरैली कोठी चौरी सिविल लाइन बांदा जिला बांदा द्वारा सूचना दिया गया कि मेरे पिता राजा भइया दिनांक 24.07.2025 को अमावस्या के दिन चित्रकूट परिक्रमा लगाने हेतु अपने साथियों के साथ मो0सा0 से चित्रकूट आये थे उनके साथियों द्वारा बताया गया कि राजा भइया परिक्रमा करते समय कही गुम हो गये। इस सूचना पर जीडी नं0 31 थाना कोतवाली कर्वी पर गुमशुदगी दर्ज की गयी थी।

गुमशुदा व्यक्ति की तलाश हेतु उ0नि0 राजेश चौरसिया चौकी परिक्रमा मार्ग को लगाया गया था। सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस की सहायता से तलाश की जा रही थी कि दिनांक 04.08.2025 को थाना भरतकूप क्षेत्र के ग्राम हुड़ा के जंगल में ग्राम प्रधान मनीराम वर्मा द्वारा सूचना दी गई की एक व्यक्ति का शव जंगल के अंदर खाई में पड़ा है। सूचना पर थाना भरतकूप पुलिस द्वारा शव को जंगल से बाहर निकाला गया तथा शव की पहचान का प्रयास किया गया तो शव की पहचान राजा भैया पुत्र छितानी उम्र करीब 62 वर्ष ग्राम जरेली कोठी थाना कोतवाली बांदा के रूप में हुई। जिसकी पहचान पुत्र दिलीप कुमार यादव द्वारा अपने परिजनों के साथ शव से मिले समान घड़ी, कपड़े, पर्स, आधार कार्ड आदि से की गई। सूचना पर फील्ड यूनिट द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा थाना भरतकूप पुलिस द्वारा पंचायतनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। तत्पश्चात दिनांक 06.08.2025 को वादी दिलीप कुमार यादव पुत्र स्व0 राजा भइया यादव निवासी उपरोक्त द्वारा सूचना दिया गया कि मेरे चचिया ससुर बुद्ध विलास उर्फ राजा पुत्र चुनबाद निवासी फौजदार का पुरवा थाना अतर्रा जनपद बांदा व राहुल तिवारी पुत्र संतोष तिवारी निवासी अतर्रा थाना अतर्रा जनपद बांदा मेरे घर आते जाते रहते थे और माता जी की तबियत ठीक होने के लिए अनुष्ठान कराने के नाम पर 20 से 25 हजार रुपये लेकर बार - बार चले जाते थे और गंगा जल लौंग खिलाते थे। दिनांक 24.07.2025 को ये दोनों लोग मेरे घर सुबह आये और मेरे पिताजी से बताये कि आज अमावस्या का दिन है,अनुष्ठान और शुभ मुहुर्त है गुरूजी ने बताया अनुष्ठान कराने चित्रकूट चलना है। वहाँ अनुष्ठान में 03 लाख रूपये लगेगे और किसी को बताना नहीं। इससे पहले बालू डम्प के लिए पिताजी से 07 लाख रूपये भी लिए थे। इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 490/2025 धारा 103(1),238,61(2),3(5) बीएनएस बनाम 1. बुद्धविलास उर्फ राजा पुत्र चुनबाद निवासी फौजदार का पुरवा अतर्रा थाना अतर्रा जनपद बांदा 2. राहुल तिवारी पुत्र संतोष तिवारी निवासी नरैनी रोड सिविल लाइन अतर्रा थाना अतर्रा जनपद बांदा पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

आज दिनांक 08.08.2025 को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी व उनकी टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर शिवरामपुर से पहाड़ी मार्ग में रेलवे की अण्डर पास मार्ग से अभियुक्तों को मो0सा0 अपाचे रंग काला/लाल पर सवार दो व्यक्तियों को रोक कर नाम पता पूंछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो अभियुक्त 1. बुद्धविलास उर्फ राजा पुत्र चुनबाद निवासी फौजदार का पुरवा अतर्रा थाना अतर्रा जनपद बांदा की जेब से 10,100 (दस हजार एक सौ) रूपये 2. राहुल तिवारी पुत्र संतोष तिवारी निवासी नरैनी रोड सिविल लाइन अतर्रा थाना अतर्रा जनपद बांदा की जेब से 4,510 (चार हजार दस) रूपये तथा घटना में प्रयुक्त मो0सा0 अपाचे रंग काला/लाल UP 90 Z 9176 के झोले में रखे पर्स से 2,50,000 (दो लाख पचास हजार) रूपये बरामद हुए। अभियुक्तों से गाड़ी व बरामद पैसो के बारे में कड़ाई से पूंछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि राजा भइया पुत्र छितानी निवासी जरैली कोठी बांदा से काफी पैसे तंत्र मंत्र अनुष्ठान के लिए हम लोग ले चुके थे। तंत्र मंत्र से राजा भइया की पत्नी ठीक गयी थी इसी विश्वास पर हमलोगों ने 07 लाख रूपये बालू डम्प के नाम पर ले लिए और कहा कि फायदे में से आपको हिस्सा देगें जो उनके परिवार वालों को पता चल गया । दिनांक 24.07.2025 को 03 लाख रूपये अनुष्ठान के नाम पर लिये थे और पैसे न देने पड़े योजनाबद्ध तरीके से राजा भइया को अनुष्ठान और परिक्रमा के नाम पर चित्रकूट बुलाकर झांसा देकर इसी मोटर साइकिल से बैठाकर ले जाकर मड़फा जंगल के पास गला घोंट कर लाश को छिपा दिया था। अभियुक्तों को कारण गिरफ्तारी बताकर समय करीब 04.10 बजे रेलवे अण्डर पास शिवरामपुर से गिरफ्तार किया गया।

## गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1.प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह
2.उ0नि0 श्री रमेश सिंह चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग
3.उ0नि0 राजेश कुमार चौरसिया
4.आरक्षी आशीष कुमार
5.आरक्षी नीतू द्विवेदी